(नगरोटा सूरियां महाविद्यालय में एस ओ पी के साथ प्रवेश प्रारम्भ)

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में बी ए, बी एस सी व बी कॉम की सभी कक्षाओं में 26 जुलाई से प्रवेश प्रारम्भ होगा। प्रवेश के इच्छुक विधार्थी स्नातक कक्षाओं में 26 जुलाई से प्रवेश ले सकते हैं। विद्यार्थियों को प्रॉस्पेक्टस व प्रवेश पत्र महाविद्यालय के कार्यालय से प्राप्त होगा। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से होगी। जो विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश लेना चाहते हैं वे महाविद्यालय की वेबसाइट http://gcnagrotasurian.com/ पर जाकर फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश का अन्तिम निर्णय प्राचार्य व प्रवेश समिति की सहमति से ही होगा।

स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों हेतु आवश्यक निर्देश -

1. सभी विद्यार्थी महाविद्यालय में मास्क पहनकर आएँ, बिना मास्क से महाविद्यालय में प्रवेश नहीं होगा।
2. सभी विद्यार्थी फॉर्म भरने से सम्बन्धित सामग्री (पेन, gum इत्यादि) अपने साथ लाएँ, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार की सामग्री का लेन-देन न करें।
3. सभी छात्र प्रवेश के लिए आते समय अपनी पानी की बोतल साथ लाएँ।
4. सभी छात्रों के पास sanitizer होना भी अनिवार्य है।
5. जिन विद्यार्थियों ने तृतीय वर्ष में प्रवेश लेना है उनके पास प्रथम वर्ष की अंक तालिका (Mark list) की प्रतिलिपि (Photostat) व द्वितीय वर्ष की cut list में नाम होना जरूरी है। द्वितीय वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों का प्रथम वर्ष की cut list में नाम होना अनिवार्य है। (cut list महाविद्यालय में उपलब्ध है अतः विद्यार्थियों को इस से सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है)
6. कन्या छात्राओं के पास स्थायी हिमाचली प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि होना होना आवश्यक है।
7. प्रवेश हेतु प्रत्येक विद्यार्थी अपनी नवीनतम 03 फोटो व अभिभावक की 01 फोटो साथ लाएं।
8. अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय की website http://gcnagrotasurian.com/ पर जाकर 2021-2022 के उपलब्ध prospectus को पढ़ें।
9. कला संकाय (Arts Faculty) में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी NSS कक्ष संख्या 304 में प्रवेश समिति के पास अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवाएंगे।
10. विज्ञान संकाय (Science Faculty) में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी पुस्तकालय कक्ष संख्या 209 में प्रवेश समिति के पास अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवाएंगे।
11. वाणिज्य संकाय (Commerce Faculty) में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी स्काउट और गाइड (Scout & Guide) कक्ष संख्या 104 में प्रवेश समिति के पास अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवाएंगे।